संख्या- 05 /2022 / 2349 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 06 जनवरी, 2022**

विषय:- योजना भवन, लखनऊ के लॉन में स्थापित स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा जी की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह के अवसर पर हुए वास्तविक व्यय के भुगतान की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3356/सं0नि0-1(मूर्ति अनावरण)/2021, दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योजना भवन, लखनऊ के लॉन में स्थापित स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा जी की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह के अवसर पर हुए वास्तविक व्यय धनराशि रू0 10,19,371.00 (रू0 दस लाख उन्नीस हजार तीन सौ इकहत्तर मात्र) की कार्योत्तर प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के संबंध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त रू0 10,19,371.00 (रू0 दस लाख उन्नीस हजार तीन सौ इकहत्तर मात्र) की कार्योत्तर प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है।

(1) समस्त कार्यो का सत्यापन कराकर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

3- उक्त धनराशि रू0 10,19,371.00 (रू0 दस लाख उन्नीस हजार तीन सौ इकहत्तर मात्र) की चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 आयोजनेत्तर पक्ष के लेखा शीर्षक 2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या 05 /2022/2349 (1)/चार-2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।